दसवाँ वार्षिकोत्सव समारोह 2018–19

" मनुष्य की भावनाओं का प्रबल प्रवाह उसकी अभिव्यक्ति कला के रूप में प्रदर्शित होता है।"

विद्यालय के विद्यार्थियों की कलात्मकता के स्पष्ट दर्शन उनके वार्षिक उत्सव में उनके द्वारा दी गई अप्रतिम प्रस्तुतियों के माध्यम से सहज ही हो जाते हैं।

आज दिनांक 16 नवंबर 2018 को सेंट मोन्टफोर्ट विद्यालय में वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया ।

समारोह का मुख्य विषय (थीम) "उत्तरदायित्व के साथ अनुशासनात्मक स्वतंत्रता" रहा ।

कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर मोनाच्चन के के ने अतिथियों के स्वागत के साथ किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री दिलीप सिंह तोमर ए. आई. जी. इकोनामिक ऑफिसर विंग भोपाल, विशिष्ट अतिथि ब्रदर जेम्स इक्का, प्रोविंशियल सुपीरियर मोन्टफोर्ट ब्रदर्स दिल्ली प्रोविन्स, विशेष अतिथि ब्रदर टी. एलेक्स प्राचार्य मोन्टफोर्ट स्कूल दिल्ली रहे।

मुख्य अतिथि विशिष्ट, अतिथि एवं विशेष अतिथियों के साथ विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर मोनाच्चन के. के. के द्वारा दीप प्रज्ज्वल कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर मोनच्चन के. के. ने सम्माननीय अतिथियों के साथ –साथ समस्त अभिभावकों का हृदय से स्वागत किया। और कहा कि विद्यार्थी विद्ययाल की शान हैं। उनके सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ –साथ उनका कलात्मक विकास भी अनिवार्य है।

विद्यार्थियों ने प्रार्थना गीत के साथ कार्यक्रम को आरम्भ किया। इसी क्रम में विषय (थीम) को ध्यान में रखते हुए कक्षा पहली से पाँचवीं तक के समस्त छात्र – छात्राओं द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियाँ दी गईं ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री दिलीप सिंह तोमर जी ने विद्यालय के विद्यार्थियों की कलात्मकता एवं अभिभावकों के सकारात्मक योगदान तथा शिक्षकों के कठिन परिश्रम की प्रशंसा करते हुए विद्यालय के अनंत ऊँचाइयों पर पहुँचने की कामना की।

प्राचार्य ब्रदर मोनाच्चन के. के. द्वारा मुख्य अतिथि श्री दिलीप सिंह तोमर जी , विशिष्ट अतिथि ब्रदर जेम्स एक्का एवं विशेष अतिथि ब्रदर टी. एलेक्स को प्रतीक चिह्न प्रदान किए गए।

अनुशासन को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों द्वारा लघु नाटिका प्रस्तुत की गई ।

जिसका उद्देश्य था कि हम स्वतंत्रता के साथ अवश्य रहें किन्तु अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन अनुशासनात्मक ढंग से करें।

प्राथमिक विभाग के हैड बॉय पार्थ जैन एवं हेड गर्ल अनुष्का मिश्रा द्वारा धन्यवाद अभिभाषण प्रस्तुत किया गया।

कक्षा पाँचवीं के विद्यार्थियों द्वारा ग्रैंड फिनालय प्रस्तुत किया गया। समस्त प्रस्तुतियाँ ने दर्शकों को मंत्रमुग्द्य कर दिया।

राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।